कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

क्र. एफ. भण्डार /के.वी.के./दौसा/2024/121 दिनांकः 13.07.2024

सीमित निविदा

कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा द्वारा वर्ष 2024–25 में अनुसूचित जनजाति उपयोजना अंतर्गत चारा छानने की मशीन का प्रदर्शन किसानों के यहाँ किये जाने है। इस कार्य हेतु निम्न मापदण्डानुसर मशीने क्रय करने हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इस हेतु इच्छित फर्म/व्यक्ति जिनके पास बैंक खाता व GST नंबर हो उपर्युक्त कार्य करने के लिए अपनी निविदा बन्द लिफाफे में भरकर दिनांक 19.07.2024 दोपहर 12.00 बजे तक इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। प्राप्त निविदायें उसी दिन दोपहर 1.00 बजे समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। इस कार्य की अनुमानित लागत लगभग एक लाख रूपये (100000 /-) होगी। इस निविदा की सूचना विश्वविद्यालय पोर्टल www.sknau.ac.in तथा SPP पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

क्र. सं.	विवरण	समस्त करों सहित मूल्य (रु.)
1.	**चारा छानने की मशीन** ड्रम की लम्बाई लगभग– 55 इंच ऊपरी चद्दर की मोटाई 60 मिमी नीचे चद्दर की मोटाई 45 मिमी पहिये 2.5 इंच एंगल मे जिसकी लम्बाई 34 एवं 24 इंच मशीन का वजन लगभग – 38 किग्रा	

निविदा की शर्तें :

1. सामान कृषि विज्ञान केन्द्र लवाण मोड स्थित कार्यालय पर उपलब्ध कराना होगा।
2. सामान गुणवत्तापूर्ण व स्पेसिफिकेशन के अनुसार नहीं होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
3. भुगतान माल प्राप्त होने पर बिल प्रस्तुत करने के बाद ऑनलाइन या चेक द्वारा किया जायेगा।
4. मशीन पर **कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा** का नाम व लोगो का वाटर प्रूफ स्टीकर निर्देशानुसार लगाना होगा।
5. मशीन पर आवश्यकतानुसार पेन्ट कर तैयार कर उपलब्ध कराना होगा।
6. निविदा की अवधि निविदा पारित होने से एक वर्ष या वित्तीय वर्ष 2024–25 तक मान्य होगी।
7. न्यूनतम निविदा दर को कृषि विज्ञान केंद्र, दौसा स्वीकार करने करने के लिए बाध्य नहीं होगा।
8. किसी भी निविदा को या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

(हस्ताक्षर निविदादाता)

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
Senior Scientist and Head
Krishi Vigyan Kendra, Dausa

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निदेशक, प्रसार शिक्षा निदेशालय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
2. श्रीमान वित्त नियंत्रक, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
3. प्रभारी, सिमका, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को प्रेषित कर लेख है कि इस सीमित निविदा को sppp पोर्टल एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.sknau.ac.in पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करवायें।
4. संयोजक/सदस्य, निविदा समिति, कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा।
5. लेखा शाखा, कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा।
6. नोटिस बोर्ड, कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
Senior Scientist and Head
Krishi Vigyan Kendra, Dausa